>

Title: Need to accord the status of All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) to Sawai Mansingh Hospital of Jaipur, Rajasthan. .

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष जी, केन्द्र सरकार ने एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) जैसी डाक्टरों की सुविधा कुछ राज्यों में देने की घोषणा की थी, जिसमें राजस्थान का नाम भी सम्मिलित था। राजस्थान की राजधानी जयपुर में सबसे बड़ा और आधुनिक उपकरणों सहित सवाई मानसिंह अस्पताल स्थित है, जिसके प्रत्येक विभाग में कुशल डाक्टर्स उपलब्ध हैं। इस अस्पताल का भवन विस्तार भी हो गया है। संपूर्ण भारत से विभिन्न प्रकार के रोगी उपचार के लिए इस अस्पताल में आते हैं। इस अस्पताल में जब सभी प्रकार की एम्स(अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं तो मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस अस्पताल को शीघ्र ही एम्स(अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) का दर्जा दिया जाए।[r12]